परियोजना से तांबा सान्द्रों से तांबा धातु की निकासी, खेतड़ी कापर कम्पलेक्स भेजकर की जाती है ।

(ख) तांबा धातु के उत्पादन हेतु मध्य प्रदेश में यूनिट लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश के गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था

2310. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां पर शुद्ध और स्वास्थ्यकर पीने के पानी की सुविधा अभी तक भी उपलब्ध नहीं करायी गयी है ;

(ख) ऐसे गांवों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं और इस प्रयोजन के लिए कितनी राशि आवंटित की गयी है;

(ग) शेष प्रत्येक गांव में कब तक पीने के पानी का कम से कम एक स्रोत उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था करने की संभावना है; और

(घ) देश में मध्य प्रदेश जैसे ऐसे कितने राज्य हैं जहां कोई गांवों में अभी भी पीने के पानी की सुविधा का अभाव है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) 1 जुलाई, 1989 को मध्य प्रदेश में 351 "जल स्रोत रहित समस्याग्रस्त गांव" थे, जिन्हें अभी स्वच्छ पेयजल की सुविधायें उपलब्ध कराई जानी हैं ।

(ख) 1989-90 के दौरान राज्य क्षेत्र के न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत 31.31 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और केन्द्रीय प्रायोजित त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के अंतर्गत 25.47 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है । राज्य सरकार को इन "जल स्रोत रहित समस्याग्रस्त गांवों" तथा आंशिक रूप से कवर किए गए गांवों के लिए स्वच्छ पेयजल की सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था करने के लिए त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के आवंटन की पूरी राशि रिलीज कर दी गई है ।

(ग) इन सभी गांवों को 31 मार्च, 1990 तक स्वच्छ पेयजल सुविधायें उपलब्ध करा दी जायेंगी ।

(घ) देश में मध्य प्रदेश जैसे 20 अन्य राज्य/संघ शासित क्षेत्र हैं, जहां ऐसे कई जल स्रोत रहित समस्याग्रस्त गांव हैं जहां अभी भी पेयजल की सुविधा का अभाव है ।

मध्य प्रदेश में बाढ़ और सूखे से हुई हानि

2311. **श्री अजीत जोगी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में औसतन प्रत्येक वर्ष कितनी कृषि योग्य भूमि बाढ़ तथा सूखे से प्रभावित होती ;

(ख) इससे प्रतिवर्ष औसतन कितनी हानि होती है ; और

(ग) इस प्रकार की हानि से बचने के लिए सरकार ने क्या पहल की है और इस प्रयोजन के लिये कितनी वित्तीय सहायता दी जा रही है ?

कृषि मंत्री (श्री भजन लाल) : (क) और (ख) राज्य सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में सूखे से